LUCKNOW, MONDAY OCTOBER 16, 2017; PAGES 16 ₹3

the pioneer

SMS organises SMART

Winners of SMART conducted by SMS

Pioneer

PIONEER NEWS SERVICE | VARANASI

The School of Management Sciences (SMS) on Sunday held SMS Mental Ability Recognition Test (SMART) in which more than 1100 students from over 25 schools participated. The objective behind to conduct this test each year is to create awareness about emerging competitive environment and dimensions, to make the participants understand about their local positioning in the peer group, to secure financial assistance for higher studies at SMS in the form of scholarships and to highlight their institution by winning prizes.

Harshit Tiwari of Central Hindu Boys School secured the highest 88 per cent marks in the online test and won the cash prize of ₹ 15000 along with a trophy and certificate. The second position was captured by Aditya Kumar of Central Hindu Boys School with securing 85.33 per cent marks, while the third spot was taken b y Satyan Pandey of St John's School Marhauli with 84 per cent marks. They were given a cash prize of ₹ 10000 and ₹ 5000 respectively by the Director of institute Prof PK Jha. Others who won the consolation prizes include Khushi Singh, Vidhu Singh Kaushik, Rahul Ravi, Ankit Kumar, Harshika Bhardwaj, Palak Mishra and Mihir Kumar Srivastava.

Prominent among those present on the occasion were Manish Raj Sharma, Pankaj Srivastava, Vishal Rai and Yohesh Singh. Dr Avinash Chandra Supkar and Rohit Mehta jointly conducted it, while the registrar Sanjay Gupta offered a vote of thanks at last.

राष्ट्रीय सहारा
सोमवार • 16 अक्टूबर • 2017

एसएमएस में मेंटल एबिलिटी रिकागनिशन टेस्ट

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

वाराणसी।

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज एसएमएस में रविवार को आनलाइन एसएमएस मेंटल एबिलिटी रिकागनिशन टेस्ट स्मार्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 25 विद्यालय 12वीं तक के लगभग 1100 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। बता दें कि यह परीक्षा नगर सहित पूर्वांचल के अन्य जिलो में संभावित प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजित की गयी।

परीक्षा के दौरान उद्घाटन समारोह में संस्थान के निदेशक प्रो. पीएन झा ने युवाओं को देश के भविष्य बताते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने से विद्यार्थी अपने में सुधार ला सकते हैं। इस गुणात्मक सुधारे से विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ती है ताकि उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में मुश्किल न हो। समापन समारोह में स्मार्ट 2017 के विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्राफिया एवं प्रमाणपत्र वितरित किये गये।

जिसमें प्रथम पुरस्कार विजेता सीएचएस ब्वायज स्कूल के हर्षित तिवारी को 15 हजार रूपये पुरस्कार, द्वितीय सीएचएस ब्वायज स्कूल के आदित्य कुमार को 10 हजार एवं तृतीय पुरस्कार सेंट जांस स्कूल महरौली के सत्येन पाण्डेय को 5 हजार की राशि प्रदान की गयी। इसके अलावा 2500 के सात सांत्वना पुरस्कार खुशी सिंह, विधु सिंह कौशिक, राहुल रवि,अंकित कुमार, हर्षिका भारद्वाज,पलक मिश्रा, मिहिर कुमार श्रीवास्तव को प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्रतिभागी स्कूल के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान साफ्ट स्किल के विशेषज्ञ एवं एमआरएस ट्रेंनिगस नई दिल्ली के निदेशक मनीष राज शर्मा ने प्रतिभागियों को काउन्सलिंग के माध्यम से भविष्य के अवसरों व कठिनाईयों से अवगत करायां। कार्यक्रम में अधिशासी सचिव डा. एमपी सिंह ने प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन डा. अविनाश सुपकर व रोहित मेहरा ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के कुलसचिव संजय गुप्ता ने किया।

अमर उजाला
सोमवार, 16 अक्तूबर 2017

स्मार्ट स्पर्धा में युवाओं ने दिखाई अपनी मेधा

वाराणसी। स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेस के प्रांगण में रविवार को आनलाइन मेंटल एबिलिटी रिकागनिशन टेस्ट (स्मार्ट-2017) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इंटरमीडिएट स्तर के 25 विद्यालयों के लगभग 11 सौ छात्रों भाग लिया। परीक्षा में वाराणसी, सोनभद्र, भदोही मिर्जापुर आदि जिलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। रविवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन निदेशक प्रो. पीएन झा ने किया। समारोह में सीएचएस के हर्षित तिवारी को प्रथम पुरस्कार 15 हजार, आदित्य कुमार को द्वितीय पुरस्कार 10 हजार और तृतीय पुरस्कार सेंट जांस मढ़ौली के सत्येन पांडेय को पांच हजार रुपये प्रदान किए गए। सांत्वना पुरस्कार स्वरुप ढाई हजार रुपये खुशी सिंह, विधु सिंह कौशिक, राहुल रवि, अंकित कुमार, हर्षिका भारद्वाज, पलक मिश्रा, मिहिर कुमार श्रीवास्तव को दिया गया। इस दौरान साफ्ट स्किल के विशेषज्ञ मनीष राज शर्मा, संस्थान के सचिव डा. एमपी सिंह आदि मौजूद थे। संचालन डा. अविनाश सुपकर, रोहित मेहता और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव संजय गुप्ता ने किया।